Regarding need to build an airport in Guna, Madhya Pradesh-laid

श्री कृष्णपालसिंह यादव **(गुना):** मेरा लोक सभा क्षेत्र गुना की जनसंख्या 18 लाख से अधिक है और इसे नगर निगम का दर्जा देने की घोषणा भी की गई है । गुना लोक सभा उद्योग और शिक्षा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ पर गेल,एनफल, इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज होने के अलावा प्रसिद्ध करीला धाम मंदिर, प्राचीन नगरी चंदेरी, माधव नेशनल पार्क और अन्य पर्यटन स्थल भी स्थित है । गुना में फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्था भी है और वर्ष 2000 में यहाँ पर हवाई सेवा शुरू की गई जो पिछले 20 वर्षों से बंद है । गुना से सबसे निकट एयरपोर्ट ग्वालियर है जो 200 किलोमीटर दूर है और उद्योग, शिक्षा या पर्यटन के लिए आने वाले नागरिकों को बहुत असुविधा होती है । हमारे प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है ?उड़े देश का आम नागरिक? और उड़ान योजना के अंतर्गत 75 हवाई अड्डों का निर्माण किया गया है । मेरा सरकार से निवेदन है कि गुना में यात्रियों की उपलब्धता और वर्षों से की जा रही मांग को देखते हुए यहाँ पर हवाई अड्डे के निर्माण को स्वीकृति दी जाए जिससे मेरे लोक सभा क्षेत्र के निवासी हवाई यात्रा कर सकें और मेरे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा जिसके परिणामस्वरूप लोगो को रोज़गार मिलेगा और मेरे क्षेत्र का समावेशी विकास होगा ।